# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/माध्य/निप्र/नवाचार/2017–19/200 दिनांक : 23.12.2019

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।**

विषयः– निदेशालय के तत्वावधान में निर्मित **"बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना–2020"** में प्रदत्त निर्देशों के प्रभावी कियान्वयन के सम्बन्ध में ।

प्रसंगः– समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक : 13.11.2019, 26.11.2019 एवं 12.12.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक निर्देश पत्रों द्वारा निदेशालय के तत्वावधान में बोर्ड परीक्षा परिणाम में संख्यात्मक एवं गुणात्मक सुधार हेतु निर्मित **"बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना– 2020"** की कियान्विति से सम्बन्धित निर्देश प्रेषित कर क्षेत्राधिकार में सुनिश्चित पालना हेतु निर्देशित किया जा चुका है। संदर्भित कार्य योजना में उल्लेखित अध्ययन/शैक्षिक सामग्री के अन्तर्गत कक्षा–10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा से सम्बन्धित विषयों के प्रश्न बैंक (बोर्ड पैटर्न के अनुरूप) विभाग की आधिकारिक वेब–साईट (लिंकः https://bit.ly/2PFaODE) तथा "शाला दर्पण पोर्टल" के HOME PAGE पर "CIRCULARS" TAB पर सहजता से उपलब्ध है। इसी के साथ कक्षा–10 एवं 12 की गत वर्षों की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की विषयवार उत्तरपुस्तिकाओं की स्केन प्रतियां भी उपलब्ध करवाई गई है।

माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित उपर्युक्त अध्ययन/शैक्षिक सामग्री क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा–10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा– 2020 में प्रविष्ट होने जा रहे विद्यार्थियों के उपयोगार्थ उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें तथा इसका उपयोग सम्बन्धित विषयाध्यापकों द्वारा भी कक्षा शिक्षण के दौरान परीक्षा में बेहतर परिणाम के उद्देश्य से विद्यार्थियों के अभ्यासार्थ करवाया जाना सुनिश्चित करावें। उक्त क्रम में क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्तरों पर अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा अग्रांकित निर्देशों की पालना की सुनिश्चितता करावें :–

1 **PEEO** :– समस्त PEEO पंचायत परिक्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना में प्रदत्त समस्त निर्देशों की पालना हेतु विभाग की आधिकारिक वेब–साईट/शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध शिक्षण/अध्ययनोपयोगी सामग्री बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों के उपयोगार्थ डाउनलोड की जानी सुनिश्चित करेंगे।

2 **CBEO** :– समस्त CBEO क्षेत्राधिकार के समस्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उक्त सामग्री डाउनलोड कर नियमित उपयोग की सुनिश्चितता हेतु सम्बन्धित PEEO को तत्काल पाबन्द करेंगे। ब्लॉक क्षेत्राधिकार के विद्यालयों का निरीक्षण कर स्वयं भौतिक रूप से निर्देशों की पालना की वस्तुस्थिति के अनुरूप वांछित कार्यवाही मौके पर ही निष्पादित करेंगे।

उपर्युक्त निर्देशों की पालना में किसी भी स्तर पर उदासीनता/लापरवाही की स्थिति पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।

(हिमांशु गुप्ता) 23/12
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं यथावश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव , स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव,राजस्थान,जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त,राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज(प्रारम्भिक शिक्षा), राजस्थान,बीकानेर।
5. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
6. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा को संभाग क्षेत्राधिकार में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रबोधन तथा कार्य योजना के भारसाधक अधिकारी को निदेशालय में आगामी माह जनवरी–2020 में संभाग

हेतु नियत दिवस को आयोज्य मासिक प्रगति समीक्षा बैठक में यथादिवस उपस्थिति की सुनिश्चितता हेतु ।

7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय)–माध्यमिक को सम्पूर्ण जिले में कार्य योजना की प्रभावी एवं सार्थक क्रियान्विति के लिए वांछित सहयोग की सुनिश्चितता हेतु।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान को ब्लॉक क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्य योजना की अक्षरशः पालना एवं क्रियान्विति की नित्य समीक्षा एवं सतत् पर्यवेक्षण हेतु ।
9. समस्त जिला प्रभारी गण, कार्यालय हाजा को प्रभारित जिले से सम्बन्धित आगामी माह जनवरी–2020 में नियत दिवस को मासिक समीक्षा बैठक शामिल होने एवं कार्य योजना की क्रियान्विति एवं पालना के लिए यथोचित कार्य निष्पादन हेतु ।
10. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
11. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
12. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु ।
13. वरिष्ठ सम्पादक ,"शिविरा", प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
14. समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) एवं संस्था प्रधान, राजकीय मावि/उमावि।
15. सहायक निदेशक (शाला दर्पण), कार्यालय हाजा को "शाला दर्पण पोर्टल" पर अपलोड करने हेतु ।
16. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
17. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर